भारत सरकार
अंतरिक्ष विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 4037

बुधवार, 12 अगस्त, 2026 को उत्तर देने के लिए

अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी

4037. श्री अरुण गोविलः

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क्या सरकार ने उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी-आधारित स्टार्टअप्स, अनुसंधान और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए कोई कार्य योजना तैयार की है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय
तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री
(डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

****

सरकार ने स्टार्ट-अप्स सहित भारतीय निजी क्षेत्र की अंतरिक्ष संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा देने, मदद करने, मार्गदर्शन प्रदान करने, निगरानी करने और उन्हें प्राधिकृत करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) की स्थापना की है। इन-स्पेस ने निधीयन, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, कौशल विकास, परामर्श संबंधी सेवाएँ और अन्य सुविधा सहायताओं के माध्यम से स्टार्ट-अप्स को सहयोग प्रदान करने के लिए विभिन्न योजनाएँ और नीतियाँ शुरू की हैं। इन पहलों का उद्देश्य अंतरिक्ष स्टार्ट-अप परितंत्र को मज़बूत करना, नवाचार को बढ़ावा देना, निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाना और रोज़गार के अवसर उत्पन्न करना है।

इन-स्पेस एक केंद्रीय सरकारी एजेंसी होने के नाते किसी खास क्षेत्र या राज्य/ संघ राज्य-क्षेत्र के बजाय संपूर्ण राष्ट्र के लाभ हेतु योजनाएँ एवं नीतियाँ बनाती और लागू करती है। तदनुसार, इन-स्पेस की ओर से घोषित सभी योजनाएँ और नीतियाँ उत्तर प्रदेश राज्य सहित पूरे भारत में लागू होती हैं।

****